कृषि उत्पादों की गुणवत्ता जांच करने वाले सोहन लाल कमोडिटी के ऐप को एनएबीएल से मिलीं मान्यता

भाषा 13 March, 2023 09:24 pm IST

Like 0

Text Size: A- A+

नयी दिल्ली, 13 मार्च (भाषा) कृषि क्षेत्र की कंपनी सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट (एसएलसीएम) को अपने मोबाइल ऐप 'एआई एमएल क्यूसी' के लिए एनएबीएल से मान्यता मिली है। यह ऐप कृषि उत्पादों की गुणवत्ता की जांच को बेहतर और सुगम बनाता है।

लोकप्रिय

क्रेमलिन के प्रवक्ता ने कहा- पुतिन भारत में G20 समिट में ले सकते हैं हिस्सा, पर अभी तक फैसला नहीं

दिप्रिंट टीम 13 March, 2023

'विदेश नहीं देश में हो ट्रेनिंग', मांडविया का प्राइवेट अस्पतालों से UG, PG कोर्स

कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि उसे नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेट्रीज (एनएबीएल) से मान्यता मिली है। यह ऐप इसके पेटेंट प्रक्रिया प्रबंधन प्रणाली 'एग्री रीच' के अंतर्गत आता है।

फसल कटाई के बाद की संपूर्ण सेवाएं प्रदान करने वाली एसएलसीएम ने कहा कि 'एग्री रीच' ऐप कृषि में हुई हालिया वैज्ञानिक प्रगति को सामान्य स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के हाथों में ले आया है। ऐप के शुरू होने के केवल दो महीनों के अंदर ही इसका उपयोग देश के 17 राज्यों में 303 जगहों पर 21.59 लाख टन फसलों के निरीक्षण के लिए किया जा चुका है।

'कृत्रिम मेधा (एआई) मशीन लर्निंग (एमएल) क्यूसी' स्मार्टफोन ऐप के इस्तेमाल से कृषि उपज की गुणवत्ता की जांच करना, मोबाइल से तस्वीर लेने जितना आसान है।

ऐप के जरिये केवल एक क्लिक से विविध गुणवत्ताओं पर तस्वीर का विश्लेषण हो जाता है। इसके बाद उपयोगकर्ताओं को गुणवत्ता रिपोर्ट मिलती है। रिपोर्ट में कृषि के क्षति, सिकुड़न, मुरझाया या अपरिपक्व अनाज समेत सभी संबंधित समस्याओं के बारे में तस्वीरें आ जाती है।

एसएलसीएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संदीप सभरवाल ने कहा, "इस क्षेत्र में हम पहली और एकमात्र कंपनी हैं जिसने एक ऐप्लीकेशन के लिए प्रतिष्ठित एनएबीएल मान्यता प्राप्त की है। यह ऐप कृषि उद्योग में जिंसों की गुणवत्ता की परख को सुगम बनाएगा।"

भाषा

रिया रमण